# MASTER SET

Number of Pages : **32**
पृष्ठों की संख्या : **32**
No. of Questions : **150**
प्रश्नों की संख्या : **150**
Marks / अंक : **300**
Time / समय : **3 Hours / घण्टे**

**Subject Code**
**विषय कोड**

**101022**

**Subject :** POPULATION STUDIES
**विषय :** जनसंख्या अध्ययन

Candidate's Roll No.
अभ्यर्थी का अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

Candidate's Signature
अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

Invigilator's Signature
वीक्षक के हस्ताक्षर
1. ____________________
2. ____________________

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The Question Paper consists of **two** parts : **Part-I** is compulsory of **50** questions **(Q.No. 1 to 50)** and **Part-II** Subject-wise of **100** questions **(Q.No. 51 to 150)** .
2. Please write your entries like Roll No., Question Booklet No. and Subject Code etc. very carefully and fill the relevant circles on the OMR Answer Sheet.
3. For filling the OMR Answer Sheet and darkening the circle use **Blue/Black Ball Point Pen** only.
4. Answer **all** questions. There will be no negative marking.
5. Each question carries **02 (two)** marks.
6. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4.** You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **Blue/Black Ball Point Pen.**
7. Only **one** answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer. A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. If there is any sort of ambiguity/ mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
9. In case of missing pages, missing questions or any kind of printing discrepancy / defect in Question Booklet, candidates put their objections to invigilator within 5 minutes and obtain another Question Booklet.

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

1. प्रश्न-पत्र में दो भाग हैं : **भाग-I** अनिवार्य के **50** प्रश्न (**प्र.सं. 1 से 50**) और **भाग-II** विषयानुसार के **100** प्रश्न (**प्र.सं. 51 से 150**)।
2. कृपया ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका सं. तथा विषय कोड आदि प्रविष्टियाँ सावधानीपूर्वक लिखें और संबंधित गोलों को भरें ।
3. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में संबंधित जानकारी व गोले को भरने के लिए केवल **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का उपयोग करें ।
4. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । ऋृणात्मक अंकन नहीं है ।
5. प्रत्येक प्रश्न के **02 (दो)** अंक हैं ।
6. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: **1, 2, 3, 4** अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** से गहरा करना है ।
7. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
9. प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठ कम, प्रश्न संख्या कम या अन्य किसी भी मुद्रण दोष होने पर 5 मिनट में वीक्षक के समक्ष आपत्ति रखकर दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।

**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so. / इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

# Part-I / भाग-I

**1.** Which of the following is the correct sequence of levels of teaching ?

(1) Reflective, Understanding, Memory
(2) Understanding, Memory, Reflective
(3) Memory, Understanding, Reflective
(4) Memory, Reflective, Understanding

**2.** 'Cone of Experience' related to teaching and learning was proposed by :

(1) Edgar Dale (2) B.S. Bloom
(3) John Dewey (4) Frobel

**3.** According to Morrison, which of the following steps are included under the (Understanding Syntax) model of teaching ?

(1) Exploration (2) Presentation
(3) Generalization
(4) Both Exploration and Presentation

**4.** Which among the following is advantage of Choice Based Credit System (CBCS) ?

(1) Shift in focus from the teacher centric to student centric education.
(2) Give new information in class.
(3) It promotes E-learning.
(4) Helping teachers to complete syllabus on time.

**5.** SWAYAM is a programme initiated by

(1) National Council of Educational Research and Training
(2) University Grant Commission
(3) Government of India
(4) Indira Gandhi National Open University

**6.** In research, SPSS is commonly used for data analysis. What does SPSS stand for ?

(1) Statistical Package for the Social Sciences
(2) Statistical Programme for Social Surveys
(3) Social Package for Statistical Studies
(4) Systematic Programme for Social Statistics

**1.** शिक्षण के स्तरों का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(1) चिंतनशील, बोध, स्मृति (2) बोध, स्मृति, चिंतनशील
(3) स्मृति, बोध, चिंतनशील (4) स्मृति, चिंतनशील, बोध

**2.** शिक्षण और अधिगम से संबंधित 'अनुभव का शंकु' इनके द्वारा प्रस्तावित किया गया था :

(1) एडगर डेल (2) बी.एस. ब्लूम
(3) जॉन डीवी (4) फ्रोबेल

**3.** मॉरीसन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन से सोपानों को (बोध संरचना) शिक्षण प्रतिमान के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है ?

(1) अन्वेषण (2) प्रस्तुतीकरण
(3) सामान्यीकरण
(4) दोनों अन्वेषण और प्रस्तुतीकरण

**4.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प आधारित क्रेडिट सिस्टम (CBCS) का लाभ है ?

(1) शिक्षक केन्द्रित से छात्र-केन्द्रित शिक्षा की ओर बदलाव ।
(2) कक्षा में नई जानकारी देता है ।
(3) यह ई-लर्निंग को बढ़ावा देता है ।
(4) शिक्षकों को पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने में मदद करना ।

**5.** स्वयं (SWAYAM) कार्यक्रम इनके द्वारा आरंभ किया गया है

(1) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
(2) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
(3) भारत सरकार
(4) इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

**6.** अनुसंधान में SPSS का प्रयोग सामान्यतः आँकड़ा विश्लेषण के लिए किया जाता है । SPSS का पूर्ण रूप क्या है ?

(1) स्टैटिस्टिकल पैकेज फॉर द सोशल साइंसेज़
(2) स्टैटिस्टिकल प्रोग्राम फॉर सोशल सर्वेज़
(3) सोशल पैकेज फॉर स्टैटिस्टिकल स्टडीज़
(4) सिस्टेमैटिक प्रोग्राम फॉर सोशल स्टैटिस्टिक्स

**7.** A researcher derives a hypothesis from an existing theory and then tests it through systematic observation. Which research approach is illustrated in this case ?

(1) Inductive approach
(2) Deductive approach
(3) Empirical approach
(4) Retrodictive approach

**8.** Which of the following is first step to start the Research Process ?

(1) Survey of related literature
(2) Identification of the problem
(3) To find the solution of the problem
(4) Selecting the data gathering methods and techniques

**9.** Which of the following sampling techniques is also known as 'Judgemental sampling' ?

(1) Quota sampling
(2) Convenience sampling
(3) Cluster sampling
(4) Purposive sampling

**10.** Ethical Norms in research do not involve guidelines for :

(1) Copyright
(2) Data sharing policy
(3) Thesis format
(4) Patenting policy

**7.** एक शोधकर्ता किसी विद्यमान सिद्धांत से परिकल्पना निर्मित करता है और फिर व्यवस्थित अवलोकन के माध्यम से उसका परीक्षण करता है । इस स्थिति में कौन सा शोध उपागम प्रदर्शित होता है ?

(1) आगमनात्मक उपागम
(2) निगमनात्मक उपागम
(3) अनुभवजन्य उपागम
(4) पूर्वव्यापी उपागम

**8.** निम्नलिखित में से शोध प्रक्रिया प्रारम्भ करने का प्रथम चरण कौन सा है ?

(1) सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण
(2) समस्या की पहचान
(3) समस्या का समाधान ढूँढ़ना
(4) प्रदत्त संकलन की विधि और तकनीकी का चयन

**9.** निम्नलिखित में से कौन सी प्रतिचयन प्रविधि 'निर्णयात्मक प्रतिचयन' से भी जानी जाती है ?

(1) यथांश (Quota) प्रतिचयन
(2) सुविधानुसार प्रतिचयन
(3) पुंजानुसार प्रतिचयन
(4) उद्देश्यानुसार प्रतिचयन

**10.** अनुसंधान में नैतिक मानदंड के दिशा-निर्देशों में ये शामिल नहीं है :

(1) प्रतिलिप्याधिकार
(2) डेटा साझाकरण नीति
(3) शोध-प्रबंध का प्रारूप
(4) पेटेंट संबंधी नीति

**Passage English :**

Read the following passage and answer the **five** questions given below :
India is a treasure trove of culture, developed over thousands of years and manifested in the form of arts, works of literature, customs, traditions, linguistic expressions, artefacts, heritage sites, and more. Crores of people around the world partake in, enjoy, and benefit from this cultural wealth daily, in the form of visiting India for tourism, experiencing Indian hospitality, purchasing India's handicrafts and handmade textiles, reading the classical literature of India, practising yoga and meditation, being inspired by Indian philosophy, participating in India's unique festivals, appreciating India's diverse music and art, and watching Indian films, amongst many other aspects. It is this cultural and natural wealth that truly makes India, "Incredible India", as per India's tourism slogan. The preservation and promotion of India's cultural wealth must be considered a high priority for the country, as it is truly importrant for the nation's identity as well as for its economy.

**Passage हिन्दी :**

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और नीचे दिए गए **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
भारत संस्कृति का समृद्ध भण्डार है – जो हज़ारों वर्षों में विकसित हुआ है और यहाँ की कला, साहित्यिक कृतियों, प्रथाओं, परम्पराओं, भाषाई अभिव्यक्तियों, कलाकृतियों, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के स्थलों इत्यादि में परिलक्षित होता हुआ दिखता है । भारत में भ्रमण, भारतीय अतिथि सत्कार का अनुभव लेना, भारत के खूबसूरत हस्तशिल्प एवं हाथ से बने कपड़ों को खरीदना, भारत के प्राचीन साहित्य को पढ़ना, योग एवं ध्यान का अभ्यास करना, भारतीय दर्शनशास्त्र से प्रेरित होना, भारत के अनुपम त्योहारों में भाग लेना, भारत के वैविध्यपूर्ण संगीत एवं कला की सराहना करना और भारतीय फिल्मों को देखना आदि ऐसे कुछ आयाम हैं जिनके माध्यम से दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रतिदिन इस सांस्कृतिक विरासत में सम्मिलित होते हैं, इसका आनन्द उठाते हैं और लाभ प्राप्त करते हैं । यही सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक संपदा है जो भारत के पर्यटन स्लोगन के अनुसार भारत को वास्तव में “अतुल्य ! भारत” बनाती है । भारत की इस सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार, देश की उच्चतर प्राथमिकता होना चाहिए क्योंकि यह देश की पहचान के साथ-साथ इसकी अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत महत्त्वपूर्ण है ।

**11.** The passage states that India's culture has been developed over :
(1) A few decades (2) Hundreds of years
(3) Thousands of years
(4) The last century

**12.** Which of the following is NOT explicitly mentioned in the passage as a way crores of people in the world daily benefit from or enjoy India's cultural wealth ?
(1) Practising yoga and meditation
(2) Purchasing handicrafts and handmade textiles
(3) Watching Indian films and appreciating diverse music
(4) Investing in India's stock market trading platforms

**13.** In the opening sentence of the passage, what does the word 'manifest' imply about the thousands of years of Indian culture ?
(1) The culture has remained an abstract, historical concept that cannot be easily observed.
(2) The culture has undergone a sudden, unplanned development without any historical continuity.
(3) The long span of history has materialized into concrete, observable expressions such as art, literature, and physical heritage sites.
(4) The culture is rapidly diminishing and can now only be found within historical records.

**11.** अनुच्छेद के अनुसार, भारत की संस्कृति विकसित हुई है :
(1) कुछ दशकों में (2) सैकड़ों वर्षों में
(3) हज़ारों वर्षों में (4) पिछली शताब्दी में

**12.** निम्नलिखित में से अनुच्छेद में कौन सा आयाम दुनिया भर के करोड़ों लोगों द्वारा भारतीय सांस्कृतिक विरासत का आनंद लेने अथवा लाभ उठाने के लिए नहीं बताया गया है ?
(1) योग एवं ध्यान का अभ्यास करना
(2) हस्तशिल्प और हाथ से बने कपड़ों को खरीदना
(3) भारतीय फिल्मों को देखना और वैविध्यपूर्ण संगीत की सराहना करना
(4) भारत के शेयर बाजार में निवेश करना

**13.** अनुच्छेद के पहले वाक्य में प्रयुक्त ‘परिलक्षित’ शब्द का भारतीय संस्कृति के हज़ारों वर्षों के संदर्भ में क्या निहितार्थ है ?
(1) भारतीय संस्कृति एक अमूर्त विचार है, जिसे आसानी से देखा नहीं जा सकता ।
(2) भारतीय संस्कृति का विकास बिना किसी योजना के अचानक और अनियोजित तरीके से हुआ है ।
(3) हजारों वर्षों का इतिहास कला, साहित्य, परंपराओं और ऐतिहासिक स्थलों के रूप में ठोस और दृश्यमान रूप में सामने आता है ।
(4) भारतीय संस्कृति समय के साथ समाप्त हो रही है और अब केवल इतिहास अभिलेखों में बची है ।

**14.** Assertion (A) : The preservation and promotion of India's cultural assets must be treated as a high-priority national objective.
Reason (R) : This cultural heritage not only maintains the unique identity of the nation but is also highly critical in strengthening the country's economic growth.

(1) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

**15.** Based on the passage, consider the following statements regarding India's cultural wealth :
(a) It has manifested over a timeline spanning several millennia.
(b) It serves as the foundational justification for the national tourism slogan, 'Incredible India'.
(c) Its global impact is restricted purely to spiritual practices and classical academia.
(d) It includes both tangible creations and intangible elements.
Choose the correct answer from the options given below :

(1) Only (a) and (b) are correct.
(2) Only (a), (b) and (d) are correct.
(3) Only (b), (c) and (d) are correct.
(4) All (a), (b), (c) and (d) are correct.

**16.** Radio and Television are the examples of :

(1) Group communication
(2) Intrapersonal communication
(3) Interpersonal communication
(4) Mass communication

**17.** On which criteria communication can be classified into 'Intrapersonal', 'Inter-personal', 'Group' and 'Mass' communication ?

(1) Medium of communication
(2) Number of participants of communication
(3) Message of communication
(4) Purpose of communication

**14.** कथन (A) : भारत की सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार देश की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए ।
कारण (R) : यह सांस्कृतिक विरासत न केवल देश की अनूठी पहचान को बनाए रखती है, बल्कि देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी बहुत महत्त्वपूर्ण है ।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।
(3) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**15.** अनुच्छेद के आधार पर, भारत की सांस्कृतिक संपदा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(a) यह कई सहस्राब्दियों की समय-सीमा में प्रकट हुई है ।
(b) यह राष्ट्रीय पर्यटन स्लोगन, 'अतुल्य भारत' के लिए मूलभूत औचित्य प्रदान करती है ।
(c) इसका वैश्विक प्रभाव विशुद्ध रूप से केवल आध्यात्मिक प्रथाओं और शास्त्रीय शिक्षाविदों तक ही सीमित है ।
(d) इसमें मूर्त रचनाएँ और अमूर्त तत्त्व दोनों शामिल हैं ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल (a) और (b) सही हैं ।
(2) केवल (a), (b) और (d) सही हैं ।
(3) केवल (b), (c) और (d) सही हैं ।
(4) सभी (a), (b), (c) और (d) सही हैं ।

**16.** रेडियो और टेलीविजन उदाहरण हैं :

(1) समूह संचार के
(2) अंत:वैयक्तिक संचार के
(3) अंतर-वैयक्तिक संचार के
(4) जनसंचार के

**17.** किस मानदंड के आधार पर संचार को 'अंत:वैयक्तिक', 'अंतर-वैयक्तिक', 'समूह' और 'जनसंचार' में वर्गीकृत किया जा सकता है ?

(1) संचार का माध्यम
(2) संचार में भाग लेने वालों की संख्या
(3) संचार का संदेश
(4) संचार का उद्देश्य

**18.** 'Circumlocution' as a barrier to communication refers to :

(1) Communicating through excessive use of technical jargon
(2) Using an unnecessarily roundabout way of expressing an idea instead of being direct
(3) A breakdown in communication caused by physical noise in the channel
(4) Withholding information deliberately to maintain power

**19.** A technical word interpreted differently by the sender and receiver illustrates :

(1) Physical barrier (2) Semantic barrier
(3) Mechanical barrier
(4) Physiological barrier

**20.** In an organization, communication that takes place between employees belonging to different departments at the same hierarchical level is known as :

(1) Vertical communication
(2) Horizontal communication
(3) Diagonal communication
(4) Upward communication

**21.** A shopkeeper takes 10% profit on his goods. He lost 20% of his goods during a theft. What is his loss percent ?

(1) 10% (2) 12%
(3) 8% (4) 14%

**22.** Next term of the following letter series is - AZBY, CWFT, ETJO, GQNJ, .......

(1) IOQE (2) INQF
(3) IORF (4) INRE

**23.** A is sister of B. F is daughter of G. C is mother of B. D is father of C. E is mother of D. A is related to D as :

(1) Granddaughter (2) Daughter
(3) Daughter-in-law (4) Sister

**24.** Next term of the following number series is - 21, 65, 121, 209, 321, 453, 621, ........

(1) 809 (2) 797
(3) 799 (4) 807

**18.** संचार में बाधा के रूप में “वाक्वैचित्र्य” (Circumlocution) का तात्पर्य है

(1) अत्यधिक तकनीकी विशिष्ट शब्दावली के प्रयोग से संचार करना ।
(2) किसी विचार को सीधे तरीके से व्यक्त करने के बजाए अनावश्यक रूप से घुमा-फिराकर व्यक्त करना ।
(3) संचार माध्यम में भौतिक शोर के कारण होने वाला अवरोध ।
(4) शक्ति बनाए रखने के लिए जानबूझकर सूचना को रोकना ।

**19.** कोई तकनीकी शब्द जिसे प्रेषक और प्राप्तकर्ता अलग-अलग अर्थों में समझते हैं, वह किसका उदाहरण होगा ?

(1) भौतिक बाधा (2) अर्थगत बाधा
(3) यांत्रिक बाधा (4) शारीरिक बाधा

**20.** किसी संगठन में समान पदानुक्रमीय स्तर पर स्थित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के बीच होने वाला संचार क्या कहलाता है ?

(1) ऊर्ध्वाधर संचार (2) क्षैतिज संचार
(3) विकर्ण संचार (4) ऊर्ध्वगामी संचार

**21.** एक दुकानदार अपने सामान पर 10% का मुनाफा कमाता है । चोरी में उसका 20% सामान चला गया । उसका हानि प्रतिशत क्या है ?

(1) 10% (2) 12%
(3) 8% (4) 14%

**22.** निम्न वर्ण श्रेणी का अगला पद है - AZBY, CWFT, ETJO, GQNJ, .....

(1) IOQE (2) INQF
(3) IORF (4) INRE

**23.** A, B की बहन है । F, G की बेटी है । C, B की माँ है । D, C के पिता है । E, D की माँ है । A का D से क्या सम्बन्ध है ?

(1) पोती/नातिन (2) बेटी
(3) बहू (4) बहन

**24.** निम्न संख्या श्रेणी का अगला पद है – 21, 65, 121, 209, 321, 453, 621, .....

(1) 809 (2) 797
(3) 799 (4) 807

**25.** $\frac{1}{15}+\frac{1}{35}+\frac{1}{63}+\frac{1}{99}+\frac{1}{143}$ is equal to

(1) $\frac{8}{39}$
(2) $\frac{5}{39}$
(3) $\frac{7}{39}$
(4) $\frac{2}{39}$

**26.** Which of the codes given below contains only the correct statements ?
Statements :
(a) Venn diagram represents the arguments graphically.
(b) Venn diagram can enhance our understanding.
(c) Venn diagram may be called valid or invalid.
(d) Venn diagram is clear method of notation.

(1) (a), (b) and (c) only
(2) (a), (b) and (d) only
(3) (b), (c) and (d) only
(4) (a), (c) and (d) only

**27.** A horse ran 100 miles without stopping. What was the average speed in miles per hour ?
Statements :
I. The horse ran 20 miles per hour for the first 50 miles.
II. The entire journey starts from 8 pm on day one to 4 am the following day.
Select one of the answer choices given, whether the data given in the statements are sufficient for answering the question.

(1) Statement I alone is sufficient.
(2) Statement II alone is sufficient.
(3) Both statements I and II taken together are sufficient .
(4) None of the statement is sufficient.

**28.** "Planets are very large in size. Therefore, the atoms, from which they are formed, should be large enough." This inference commits which kind of fallacy ?

(1) Fallacy of ambiguity
(2) Fallacy of equivocation
(3) Fallacy of division
(4) Ad populum

**25.** $\frac{1}{15}+\frac{1}{35}+\frac{1}{63}+\frac{1}{99}+\frac{1}{143}$ बराबर है

(1) $\frac{8}{39}$
(2) $\frac{5}{39}$
(3) $\frac{7}{39}$
(4) $\frac{2}{39}$

**26.** नीचे दिए गए कूटों में से किसमें केवल सही कथन है ?
कथन :
(a) वेन आरेख तर्कों को ग्राफ के रूप में दिखाता है ।
(b) वेन आरेख हमारी समझ को बेहतर बना सकता है ।
(c) वेन आरेख को सही या गलत कहा जा सकता है ।
(d) वेन आरेख आकृतियों को दिखाने का एक स्पष्ट तरीका है ।

(1) केवल (a), (b) और (c)
(2) केवल (a), (b) और (d)
(3) केवल (b), (c) और (d)
(4) केवल (a), (c) और (d)

**27.** एक घोड़ा बिना रुके 100 मील दौड़ा । उसकी औसत गति मील प्रति घंटा में क्या थी ?
कथन
I. घोड़ा पहले 50 मील तक 20 मील प्रति घंटा की गति से दौड़ा ।
II. पूरी यात्रा पहले दिन रात 8 बजे शुरू हुई और अगले दिन सुबह 4 बजे खत्म हुई ।
दिये गये उत्तर विकल्पों में से चुनकर बतायें कि क्या कथनों में दी गयी जानकारी सवाल का जवाब देने के लिये काफी है ।

(1) सिर्फ कथन I काफी है ।
(2) सिर्फ कथन II काफी है ।
(3) कथन I और II मिलकर काफी हैं ।
(4) कोई भी कथन काफी नहीं है ।

**28.** “ग्रहों का आकार बहुत बड़ा है । इसलिये परमाणु, जिससे ये बने हैं, का आकार पर्याप्त बड़ा होना चाहिये ।” यह अनुमान किस प्रकार के हेत्वाभास को दिखाता है ?

(1) अस्पष्टता का हेत्वाभास
(2) शब्दार्थ-भ्रम का हेत्वाभास
(3) विभाजन का हेत्वाभास
(4) लोकप्रियता का तर्कदोष

29. Consider the statement and the following assumptions and decide which of the assumptions is implicit in the statement.
Statement : The new environmental law has been passed in our parliament with two-third majority.
Assumptions :
I : Protecting the environment has become a very important issue in our society.
II : This will absolve the government of its responsibility for any further damage to the environment.

(1) Only assumption I is implicit.
(2) Only assumption II is implicit.
(3) Both I and II are implicit.
(4) Neither I nor II is implicit.

30. Consider the following propositions :
A is human and mortal.
B is human and mortal.
C is human and mortal.
D is human and mortal.
Therefore, 'All humans are mortal' is an example of :

(1) Deductive argument
(2) Inductive argument
(3) Syllogistic argument
(4) None of these

31. Which of the following best describes the primary purpose of data governance in an organization ?

(1) Managing the complete life cycle of data, including storage, processing and disposal.
(2) Identifying key business entities and improving the quality of master data.
(3) Establishing processes, roles, policies, standards and responsibilities to ensure the effective and efficient use of data.
(4) Creating and maintaining data warehouses for business intelligence applications.

32. In qualitative data interpretation, data is often coded primarily to :

(1) Calculate the mean and standard deviation.
(2) Convert data into numerical values.
(3) Group and label data into identifiable themes.
(4) Perform regression analysis.

29. कथन और उसके बाद दी गई धारणाओं पर विचार करें और तय करें कि कौन सी धारणा कथन में निहित हैं ।
कथन : हमारी संसद में नया पर्यावरण कानून दो-तिहाई बहुमत से पारित किया गया है ।
धारणाएँ :
I : हमारे समाज में पर्यावरण की रक्षा करना एक बहुत महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन गया है ।
II : इससे सरकार पर्यावरण को होने वाले किसी भी और नुकसान के लिये अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जायेगी ।

(1) केवल धारणा I निहित है ।
(2) केवल धारणा II निहित है ।
(3) I और II दोनों निहित हैं ।
(4) न तो I और न ही II निहित है ।

30. निम्न तर्कवाक्यों पर विचार करें :
A इंसान है और नश्वर है ।
B इंसान है और नश्वर है ।
C इंसान है और नश्वर है ।
D इंसान है और नश्वर है ।
इसलिये, 'सभी इंसान नश्वर हैं ।' किसका उदाहरण है ?

(1) निगमनात्मक तर्क
(2) आगमनात्मक तर्क
(3) न्याय-वाक्य सम्बन्धी तर्क
(4) इनमें से कोई नहीं

31. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प किसी संगठन में प्रदत्त शासन के प्रमुख उद्देश्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है ?

(1) प्रदत्त के सम्पूर्ण जीवन-चक्र का प्रबन्धन करना, जिसमें उसका भंडारण, प्रसंस्करण तथा निपटान सम्मिलित हैं ।
(2) प्रमुख व्यावसायिक इकाइयों की पहचान करना तथा मूल प्रदत्त की गुणवत्ता में सुधार करना ।
(3) प्रदत्त के प्रभावी एवं दक्ष उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु प्रक्रियाओं, भूमिकाओं, नीतियों, मानकों तथा उत्तरदायित्वों की स्थापना करना ।
(4) व्यावसायिक बुद्धिमत्ता अनुप्रयोगों के लिए प्रदत्त भंडारों का निर्माण एवं रखरखाव करना ।

32. गुणात्मक आँकड़ों की व्याख्या में आँकड़ों का कूटांकन मुख्यतः किस उद्देश्य से किया जाता है ?

(1) माध्य एवं मानक विचलन की गणना करने के लिए ।
(2) आँकड़ों को संख्यात्मक मानों में परिवर्तित करने के लिए ।
(3) आँकड़ों को पहचान योग्य विषय-वस्तुओं के आधार पर समूहबद्ध एवं नामांकित करने के लिए ।
(4) प्रतिगमन विश्लेषण करने के लिए

**33.** Study the following graph carefully and answer the given question. The graph consists of data about the number of vehicles produced by companies X & Y over the years.
In which of the following years, the difference between the productions of companies X & Y was the maximum ?




(1) 2010
(2) 2008
(3) 2007
(4) 2009

**33.** नीचे दिए गए ग्राफ को ध्यान से देखें और पूछे गये सवाल का जवाब दें । यह ग्राफ X और Y दो कंपनियों द्वारा विभिन्न वर्षों में बनाए गए वाहनों की संख्या के बारे में जानकारी देता है ।
इनमें से किस साल में कंपनी X और Y के उत्पादन के बीच का अन्तर सबसे अधिक था ?




(1) 2010
(2) 2008
(3) 2007
(4) 2009

**34.** The bar graph consists of data on number of students passed (in thousands) from two universities A and B in the years 2003 to 2008. Study the bar graph given below and answer the following question :
What is difference between the total number of students passed from both the universities together in 2007 and the total number of students passed from both the universities together in year 2005 ?




(1) 20000
(2) 30000
(3) 60000
(4) 70000

**34.** बार आरेख में 2003 से 2008 तक के वर्षों में दो विश्वविद्यालयों A और B से उत्तीर्ण छात्रों की संख्या (हज़ारों में) का आँकड़ा दिया गया है । नीचे दिए गए बार आरेख का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें :
वर्ष 2007 में दोनों विश्वविद्यालयों से मिलाकर उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या और वर्ष 2005 में दोनों विश्वविद्यालयों से मिलाकर उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या के बीच कितना अन्तर था ?




(1) 20000
(2) 30000
(3) 60000
(4) 70000

**35.** The following table presents data on the number of vehicles of three types (A, B and C) produced by a company over seven years, from 2012 to 2018. Based on data in table, answer the question given below :

The number of A type vehicles produced in the year 2014 was what percent of the number of C type of vehicles produced in the year 2016 ?

| Year | A Type | B Type | C Type |
|---|---|---|---|
| 2012 | 5,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2013 | 15,000 | 10,000 | 22,500 |
| 2014 | 10,000 | 15,000 | 30,000 |
| 2015 | 17,500 | 15,000 | 23,000 |
| 2016 | 25,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2017 | 13,000 | 25,000 | 20,000 |
| 2018 | 30,000 | 35,000 | 25,000 |

(1) Approximately 33.33%
(2) Approximately 66.67%
(3) Approximately 50.25%
(4) Approximately 15.63%

**35.** निम्नलिखित तालिका में एक कंपनी द्वारा सात वर्षों 2012 से 2018 तक, तीन प्रकार के वाहनों (A, B और C) के उत्पादन की संख्या के बारे में आँकड़ा प्रस्तुत किया गया है। तालिका में दिए गए आँकड़ों के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :

वर्ष 2014 में बनी A प्रकार के वाहनों की संख्या, वर्ष 2016 में बनी C प्रकार के वाहनों की संख्या का कितना प्रतिशत थी ?

| **वर्ष** | **A प्रकार** | **B प्रकार** | **C प्रकार** |
|---|---|---|---|
| 2012 | 5,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2013 | 15,000 | 10,000 | 22,500 |
| 2014 | 10,000 | 15,000 | 30,000 |
| 2015 | 17,500 | 15,000 | 23,000 |
| 2016 | 25,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2017 | 13,000 | 25,000 | 20,000 |
| 2018 | 30,000 | 35,000 | 25,000 |

(1) लगभग 33.33%
(2) लगभग 66.67%
(3) लगभग 50.25%
(4) लगभग 15.63%

**36.** The primary purpose of the National Academic Depository is

(1) To host video lectures for university students.
(2) To provide Massive Open Online Courses (MOOCs).
(3) To facilitate the digital storage and verification of academic degrees.
(4) To provide funds for the research projects.

**36.** नेशनल एकेडेमिक डिपोजिटरी का मूल उद्देश्य क्या है ?

(1) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए वीडियो लेक्चर (दृश्य-श्रव्य व्याख्यान) आयोजित/उपलब्ध करवाना।
(2) वृहद् मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (MOOCs) उपलब्ध करवाना।
(3) शैक्षणिक उपाधियों के डिजिटल भंडारण एवम् सत्यापन को सुगम बनाना।
(4) शोध परियोजनाओं (रिसर्च प्रोजेक्ट) के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना।

**37.** The objective of Digital India Mission is :

(1) To transform India into a digitally empowered society and knowledge economy.
(2) To promote industries.
(3) To develop agricultural field.
(4) To enhance the physical infrastructure.

**37.** डिजिटल इंडिया मिशन का उद्देश्य क्या है ?

(1) भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज एवम् ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करना।
(2) उद्योगों को बढ़ावा देना।
(3) कृषि क्षेत्र का विकास करना।
(4) भौतिक अवसंरचना (फीजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत बनाना।

**38.** Which layer of OSI reference model establishes the route between the sending and receiving stations ?

(1) Network layer
(2) Data link layer
(3) Transport layer
(4) Physical layer

**38.** ओ.एस.आई. संदर्भ मॉडल की कौन सी परत (लेयर) प्रेषक और प्राप्तकर्ता स्टेशनों के बीच पथ (रूट) का निर्धारण करती है ?

(1) नेटवर्क परत
(2) डेटा लिंक परत
(3) ट्रांसपोर्ट परत
(4) भौतिक (फीजिकल) परत

**39.** Which protocol is used for remote login ?

(1) HTTP (2) FTP

(3) SMTP (4) Telnet

**39.** कौन सा प्रोटोकॉल दूरस्थ लॉगिन (रिमोट लॉगिन) के काम आता है ?

(1) HTTP (2) FTP

(3) SMTP (4) Telnet

**40.** Which of the following is a unique 12 digit identification number linked to the Academic Bank of Credits (ABC) ?

(1) Aadhar (2) APAAR

(3) ISSN (4) IMEI

**40.** एकेडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (ABC) से संबद्ध 12 अंक की अनन्य परिचायक संख्या (यूनिक आइडेंटिटी नंबर) है :

(1) आधार (2) अपार

(3) आई.एस.एस.एन. (4) आई.एम.ई.आई.

**41.** What is key conceptual difference between the Millennium Development Goals (MDGs) and Sustainable Development Goals (SDGs) ?

(1) MDGs focused only on environmental issues, while SDGs focus only on economic issues.

(2) MDGs were universal while SDGs apply only to developing countries.

(3) Compared with MDGs, the SDGs integrate economic, social and environmental dimensions of development more comprehensively.

(4) MDGs included more objectives and targets than SDGs.

**41.** सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (MDGs) तथा सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के मध्य मुख्य वैचारिक अंतर क्या है ?

(1) MDGs केवल पर्यावरणीय विषयों पर केन्द्रित थे, जबकि SDGs केवल आर्थिक विषयों पर केन्द्रित हैं ।

(2) MDGs सार्वभौमिक थे, जबकि SDGs केवल विकासशील देशों पर लागू होते हैं ।

(3) MDGs की तुलना में SDGs विकास के आर्थिक, सामाजिक तथा पर्यावरणीय आयामों को अधिक व्यापक रूप से एकीकृत करते हैं ।

(4) MDGs में SDGs की तुलना में अधिक उद्देश्य एवं लक्ष्य शामिल थे ।

**42.** Excessive application of Nitrogen-rich fertilizers is most commonly associated with which of the following environmental impacts ?

(1) Increased soil salinity.

(2) Eutrophication and acceleration in soil acidification.

(3) Eutrophication and acceleration in soil basicity.

(4) Both Increased soil salinity & Eutrophication and acceleration in soil acidification.

**42.** नाइट्रोजन-समृद्ध उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग सामान्यत: निम्नलिखित में से किस पर्यावरणीय परिणाम से सर्वाधिक संबंधित है ?

(1) मृदा लवणता में बढ़ोतरी ।

(2) सुपोषणता एवं मृदा अम्लीकरण त्वरण ।

(3) सुपोषणता एवं मृदा क्षारकता त्वरण ।

(4) दोनों मृदा लवणता में बढ़ोतरी एवं सुपोषणता एवं मृदा अम्लीकरण त्वरण ।

**43.** According to India's National Forest Policy (1988), what proportion of total geographical area of country's hilly and mountainous region should be maintained under forest and tree cover ?

(1) One-third of such area

(2) One-fourth of such area

(3) Two-fifth of such area

(4) Two-third of such area

**43.** भारत की राष्ट्रीय वन नीति (1988) के अनुसार, देश के पर्वतीय एवं पहाड़ी क्षेत्रों के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का कितना भाग वन एवं वृक्ष आवरण के अंतर्गत बनाये रखा जाना चाहिए ?

(1) ऐसे क्षेत्रफल का एक-तिहाई

(2) ऐसे क्षेत्रफल का एक-चौथाई

(3) ऐसे क्षेत्रफल का दो-पंचमांश

(4) ऐसे क्षेत्रफल का दो-तिहाई

**44.** Which of the following groups of gases is NOT strictly a group of greenhouse gases ?

(1) Carbon dioxide ($CO_2$), Nitrous oxide ($N_2O$), Methane ($CH_4$)

(2) Carbon monoxide (CO), Carbon dioxide ($CO_2$), Methane ($CH_4$)

(3) Carbon dioxide ($CO_2$), Ozone ($O_3$), Methane ($CH_4$)

(4) Water vapour ($H_2O$), Carbon dioxide ($CO_2$), Methane ($CH_4$)

**45.** Which of the following sequences correctly represents the chronological order of the standard disaster management cycle phases as recognized by the National Disaster Management Authority (NDMA), Government of India ?

(1) Mitigation → Preparedness → Response → Recovery

(2) Recovery → Mitigation → Response → Preparedness

(3) Response → Mitigation → Recovery → Preparedness

(4) Preparedness → Recovery → Mitigation → Response

**46.** Which of the following organizations is working for Indianization of education ?

(1) Smile foundation (2) Nanhi Kali

(3) Bhartiya Shikshan Mandal

(4) Rupayan Sansthan, Borunda

**47.** Which of the following is an ancient language typically studied under oriental learning institution in India ?

(1) Mojo (2) Prakrit

(3) Verse (4) Carbon

**48.** Which is a national skill certification scheme aimed at making India's youth job ready ?

(1) PMJDY (2) PMKVY

(3) PMJAY (4) PMSBY

**49.** The PM Shri Narendra Modi urged to revive which old Indian tradition in the $135^{th}$ episode of Mann Ki Baat ?

(1) Ashwamedha (2) Jatkarma

(3) Rajyabhishek (4) Shastrartha

**44.** निम्नलिखित में से कौन सा गैसों का समूह पूर्णतः ग्रीनहाउस गैसों का समूह नहीं है ?

(1) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$), मीथेन ($CH_4$)

(2) कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$)

(3) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), ओजोन ($O_3$), मीथेन ($CH_4$)

(4) जल वाष्प ($H_2O$), कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$)

**45.** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA), भारत सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त मानक आपदा प्रबंधन चक्र के चरणों के सही कालानुक्रमिक क्रम को निम्नलिखित में से कौन सा अनुक्रम दर्शाता है ?

(1) शमन → तत्परता → अनुक्रिया → पुनर्प्राप्ति

(2) पुनर्प्राप्ति → शमन → अनुक्रिया → तत्परता

(3) अनुक्रिया → शमन → पुनर्प्राप्ति → तत्परता

(4) तत्परता → पुनर्प्राप्ति → शमन → अनुक्रिया

**46.** निम्नलिखित में से कौन सा संगठन शिक्षा के भारतीयकरण के लिए कार्यरत है ?

(1) स्माइल फाउंडेशन (2) नन्ही कली

(3) भारतीय शिक्षण मंडल (4) रूपायन संस्थान, बोरुंदा

**47.** निम्नलिखित में से कौन सी एक पुरातन भाषा है, जिसका अध्ययन सामान्यतः भारत के प्राच्य शिक्षा (ओरिएन्टल लर्निंग) संस्थानों में किया जाता है ?

(1) मोजो (Mojo) (2) प्राकृत (Prakrit)

(3) वर्स (Verse) (4) कार्बन (Carbon)

**48.** कौन सी राष्ट्रीय कौशल प्रमाणन योजना भारत के युवाओं को रोज़गार के लिए तैयार करती है ?

(1) पीएमजेडीवाई (2) पीएमकेवीवाई

(3) पीएमजेएवाई (4) पीएमएसबीवाई

**49.** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 135वें संस्करण में किस भारतीय पुरातन पद्धति के पुनरुत्थान की बात कही ?

(1) अश्वमेध (2) जातकर्म

(3) राज्याभिषेक (4) शास्त्रार्थ

**50.** Grammarian Panini was associated with :

(1) Nalanda
(2) Vikramshila
(3) Takshashila
(4) Odantpuri

**50.** वैयाकरण पाणिनि किस विश्वविद्यालय से जुड़े थे ?

(1) नालंदा
(2) विक्रमशिला
(3) तक्षशिला
(4) उदंतपुरी

## Part-II / भाग-II

**51.** Consider the following statements regarding the growth of world population :

**Statement I :** The world population reached one billion around 1800, but it took thousands of years to reach this level due to low technological advancement and high mortality.

**Statement II :** During the paleolithic age, despite the absence of agriculture, population growth was rapid due to stable food supply and better shelter systems.

**Options :**

(1) Both statement I and II are correct.

(2) Both statement I and II are incorrect.

(3) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

(4) Statement I is incorrect, but statement II is correct.

**51.** विश्व जनसंख्या वृद्धि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

**कथन-I :** विश्व की जनसंख्या लगभग 1800 के आसपास एक अरब हुई, लेकिन निम्न तकनीकी विकास और उच्च मृत्यु दर के कारण इसे प्राप्त करने में हजारों वर्ष लगे ।

**कथन-II :** पुरापाषाण काल में कृषि के अभाव के बावजूद स्थिर खाद्य आपूर्ति और बेहतर आश्रय के कारण जनसंख्या वृद्धि तीव्र थी ।

**विकल्प :**

(1) दोनों कथन I एवं II सही हैं ।

(2) दोनों कथन I एवं II गलत हैं ।

(3) कथन-I सही है, पर कथन-II गलत है ।

(4) कथन-I गलत है, पर कथन-II सही है ।

**52.** **Assertion (A) :** Population composition directly influences fertility, mortality and migration patterns in a population.

**Reason (R) :** Because population composition is determined solely by total population size over a definite period of time.

**Option :**

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

**52.** **अभिकथन (A) :**जनसंख्या की संरचना प्रजनन, मृत्यु दर और प्रवासन को सीधे प्रभावित करती है ।

**कारण (R) :**क्योंकि जनसंख्या की संरचना केवल किसी निश्चित अवधि में कुल जनसंख्या के आकार से निर्धारित होती है ।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सत्य है, किन्तु (R) असत्य है ।

(4) (A) असत्य है, किन्तु (R) सत्य है ।

**53.** The formula of whipples index compares :

(1) Population aged 23-62 ending in 0 or 5 with total population aged 23-62.

(2) Total birth and deaths.

(3) Male and female population.

(4) Rural and urban population.

**53.** व्हिपले इंडेक्स का सूत्र किसकी तुलना करता है ?

(1) 23-62 वर्ष की आयु वाली वह जनसंख्या जिसकी आयु 0 या 5 पर समाप्त होती है तथा 23-62 वर्ष की कुल जनसंख्या

(2) कुल जन्म और मृत्यु

(3) पुरुष और महिला जनसंख्या

(4) ग्रामीण और शहरी जनसंख्या

**54.** Myer's blended index is superior to Whipple's index because :

(1) It measures fertility.

(2) It examines preference for all digit 0-9.

(3) It measures mortality.

(4) It uses sample survey only.

**54.** मेयर्स ब्लेन्डेड इंडेक्स अच्छा है व्हिपले इंडेक्स से क्योंकि

(1) यह प्रजननता को मापता है ।

(2) यह 0-9 तक सभी अंकों की वरीयता का परीक्षण करता है ।

(3) यह मृत्युक्रम को मापता है ।

(4) यह केवल नमूना सर्वेक्षणों का उपयोग करता है ।

55. Consider the following statements :
A. Absolute population.
B. Physical, social and economic characters of population.
C. Mobility of the population.
Which scholar considered the above statements to study the population characters ?

(1) John I. Clarke (2) Wilbur Zelinsky
(3) J. Byzu Garnier (4) G.T. Trewartha

56. The main source of population data is :

(1) Birth - death registration
(2) Voting rights (3) Census record
(4) Aadhar card

57. Bayes theorem is frequently applied in data analysis to :

(1) Determine the exact mean of a population.
(2) Compare the variance between two samples
(3) Calculate the probability of an event based on prior knowledge and new evidence
(4) Test if a distribution is normal

58. Which authority conducts the census in India ?

(1) Niti Aayog (2) RGCCI
(3) NSSO (4) RBI

59. Which one of the following is not correctly matched according to Type of **population Data - Periodicity** ?

(1) NFHS - 6 year (2) SRS - Annual
(3) CRS - 10 Years (4) NSS - 5th Year

60. In which year was National Sample Survey established ?

(1) 1881 (2) 1947
(3) 1921 (4) 1949

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
A. जनसंख्या की निरपेक्ष संख्या
B. जनसंख्या के भौतिक, सामाजिक तथा आर्थिक लक्षण
C. जनसंख्या की गतिशीलता
उपरोक्त कथन निम्नलिखित में से किस विद्वान ने जनसंख्या अध्ययन के लक्षणों में शामिल किए हैं ?

(1) जॉन आई. क्लार्क (2) विल्बर ज़ेलिन्सकी
(3) जे. ब्यूजे गारनियर (4) जी.टी. ट्रिवार्था

56. जनसंख्या समंकों का मुख्य स्रोत है

(1) जन्म-मृत्यु पंजीकरण (2) मताधिकार
(3) जनगणना रिकॉर्ड (4) आधार कार्ड

57. बेज प्रमेय, डाटा विश्लेषण में अकसर किसके लिये लागू किया जाता है ?

(1) जनसंख्या का सटीक माध्य निर्धारित करने
(2) दो न्यादर्श के मध्य विचरण की तुलना करने
(3) पूर्व ज्ञान और नये साक्ष्य के आधार पर किसी घटना की प्रायिकता की गणना करने
(4) यह परीक्षण करने के लिये कि क्या वितरण सामान्य है

58. भारत में जनगणना किस संस्था द्वारा कराई जाती है ?

(1) नीति आयोग (2) आर.जी.सी.सी.आई.
(3) एन.एस.एस.ओ. (4) आर.बी.आई.

59. निम्नलिखित में से कौन सा एक **जनसंख्या आँकड़ा प्रकार - आवधिकता** के अनुसार सुमेलित नहीं है ?

(1) NFHS - छः वर्ष (2) SRS - वार्षिक
(3) CRS - दस वर्ष (4) NSS - पाँचवाँ वर्ष

60. राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण की स्थापना किस वर्ष में हुई ?

(1) 1881 (2) 1947
(3) 1921 (4) 1949

**61.** Match List-I (Author) with List-II (Related Work/Book)

| List-I | List-II |
|---|---|
| A. Julian Simon | i. An Essay on the Principle of Population. |
| B. Ester Boserup | ii. The Ultimate Resource. |
| C. Kingsley Devis | iii. Woman Role in Economic Development. |
| D. Thomus Malthus | iv. The Population of India and Pakistan. |

**Code :**

(1) A-ii, B-iii, C-i, D-iv (2) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(3) A-ii, B-i, C-iii, D-iv (4) A-iv, B-iii, C-i, D-ii

**62.** What is the projected peak size of the Indian population before a steady decline begins, according to UN population projections ?

(1) 1.70 billion (2) 1.45 billion
(3) 1.56 billion (4) 2.00 billion

**63.** According to the National Commission on Population (NCP), what is the projected population of India for the year 2036 ?

(1) 1.21 billion (2) 1.35 billion
(3) 1.52 billion (4) 1.75 billion

**64.** Match List-I (State) with List-II (Characteristic) : According to mortality pattern in India - 2011 (Census data) :

| List-I (State) | List-II (Characteristic) |
|---|---|
| A. Delhi | i. Highest sex Ratio at death |
| B. Odisha | ii. Lowest crude death rate |
| C. Jharkhand | iii. Highest crude death rate |
| D. Maharashtra | iv. Lowest female crude death rate |

**Code :**

(1) A-ii, B-iii, C-i, D-iv (2) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(3) A-ii, B-i, C-iii, D-iv (4) A-iv, B-iii, C-i, D-ii

**61.** सूची-I (लेखक) का सूची-II (संबंधित कार्य/पुस्तक) से मिलान करें ।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. जूलियन साइमन | i. ऐन एसे ऑन दी प्रिंसिपल ऑफ पॉपुलेशन |
| B. एस्टर बोसेरुप | ii. द अल्टीमेट रिसोर्स |
| C. किंग्सले डेविस | iii. वुमन रोल इन इकोनॉमिक डेवलपमेंट |
| D. थॉमस माल्थस | iv. द पॉपुलेशन ऑफ इंडिया एंड पाकिस्तान |

**कोड :**

(1) A-ii, B-iii, C-i, D-iv (2) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(3) A-ii, B-i, C-iii, D-iv (4) A-iv, B-iii, C-i, D-ii

**62.** संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या अनुमानों के अनुसार, भारत की जनसंख्या में लगातार गिरावट शुरू होने से पहले उसकी अधिकतम अनुमानित जनसंख्या कितनी होगी ?

(1) 1.70 अरब (2) 1.45 अरब
(3) 1.56 अरब (4) 2.00 अरब

**63.** राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग (एनसीपी) के अनुसार, वर्ष 2036 में भारत की अनुमानित जनसंख्या कितनी होगी ?

(1) 1.21 अरब (2) 1.35 अरब
(3) 1.52 अरब (4) 1.75 अरब

**64.** भारत में मृत्यु दर प्रतिरूप 2011 जनगणना के आँकड़ों के अनुसार सूची-I (राज्य) को सूची-II (विशेषता) से मिलाइए :

| सूची-I (राज्य) | सूची-II (विशेषता) |
|---|---|
| A. दिल्ली | i. मृत्यु पर उच्चतम लिंग अनुपात |
| B. ओडिशा | ii. न्यूनतम अशोधित मृत्यु दर |
| C. झारखंड | iii. उच्चतम अशोधित मृत्यु दर |
| D. महाराष्ट्र | iv. न्यूनतम महिला अशोधित मृत्यु दर |

**कोड :**

(1) A-ii, B-iii, C-i, D-iv (2) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(3) A-ii, B-i, C-iii, D-iv (4) A-iv, B-iii, C-i, D-ii

**65.** Which projection method explicitly incorporate fertility, mortility and migration ?

(1) Linear method
(2) Exponential method
(3) Chohort - Component method
(4) Arithmetic method

**66.** Exponential projection assumes

(1) Constant absolute growth
(2) Constant percentage growth
(3) Declining growth (4) Negative growth

**67.** When a change in one variable, group or category results in the change in other variable, group or category in same progression, it is called :

(1) Linear correlation
(2) Curvilinear correlation
(3) Positive correlation
(4) Negative correlation

**68.** Which formula will be used to calculate standard deviation ?

(1) $\sigma = \frac{\Sigma d^2}{N}$

(2) $\sigma = \sqrt[N]{\frac{d^2}{N}}$

(3) $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{N}}$

(4) $\sigma = \frac{(\Sigma d^2)}{N}$

**69.** Which parameter serves as the numberator while calculating crude death rate ?

(1) Total no. of deaths registered in a calender year
(2) Total no. of population
(3) Total no. of still births in a year.
(4) Total infant mortality rate.

**70.** The estimates for the years between two consequtive censuses which are based on data from both the censuses is :

(1) Post - censal estimate
(2) Future estimate
(3) Pre-censal estimate
(4) Inter-censal estimate

**71.** Rank size rule was primarily developed to explain :

(1) Rural settlement (2) Urban hierarchy
(3) Fertility trend (4) Migration streams

**65.** कौन सी प्रक्षेपण विधि प्रजनन, मृत्यु और प्रवास को अलग-अलग सम्मिलित करती है ?

(1) रैखिक विधि (2) घातीय विधि
(3) कोहॉर्ट-घटक विधि (4) अंकगणितीय विधि

**66.** घातीय प्रक्षेपण यह मानता है कि

(1) निरन्तर निरपेक्ष वृद्धि (2) निरंतर प्रतिशत वृद्धि
(3) घटती हुई वृद्धि (4) ऋणात्मक वृद्धि

**67.** जब एक चर, समूह या श्रेणी में परिवर्तन होने पर दूसरे चर, समूह या श्रेणी में भी उसी अनुपात में परिवर्तन हो तो उसे क्या कहा जाता है ?

(1) रेखीय सहसम्बन्ध (2) वक्रीय सहसम्बन्ध
(3) धनात्मक सहसम्बन्ध (4) ऋणात्मक सहसम्बन्ध

**68.** मानक विचलन ज्ञात करने के लिए किस सूत्र का इस्तेमाल करते हैं ?

(1) $\sigma = \frac{\Sigma d^2}{N}$

(2) $\sigma = \sqrt[N]{\frac{d^2}{N}}$

(3) $\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma d^2}{N}}$

(4) $\sigma = \frac{(\Sigma d^2)}{N}$

**69.** अशोधित मृत्यु दर की गणना करने के लिए कौन सा मापदण्ड अंशगणक होता है ?

(1) एक कैलेण्डर वर्ष में कुल मृत्युओं की संख्या
(2) कुल जनसंख्या
(3) एक वर्ष में कुल मृत जन्मों की संख्या
(4) कुल शिशु मृत्यु दर

**70.** दो लगातार (अविच्छिन्न) जनगणनाओं के बीच के वर्षों के अनुमान, जो दोनों जनगणनाओं के आँकड़ों पर आधारित होते हैं :

(1) पोस्ट-सेन्सल अनुमान (2) भविष्य का अनुमान
(3) प्री-सेन्सल अनुमान (4) इन्टर-सेन्सल अनुमान

**71.** रैंक-साइज़ नियम मुख्यत: किसकी व्याख्या करने के लिए विकसित किया गया था ?

(1) ग्रामीण बस्तियाँ (2) शहरी पदानुक्रम
(3) प्रजनन प्रवृत्तियाँ (4) प्रवास धाराएँ

72. Perfect equality in Larenz curve is represented by
(1) Horizontal line (2) Verticle line
(3) 45° line of equality (4) Parabolic curve

73. Which measure is most appropriate for examining population concentration among regions ?
(1) Crude - birth rate
(2) Child - women ratio
(3) Gini's concentration ratio
(4) Infant mortality rate

74. Which of the following is not a component of population dynamics ?
(1) Fertility (2) Mortality
(3) Migration (4) Industrialization

75. The demographic dividend is realised when a population undergoes an age structural transition that leads to temporary increase in proportion of :
(1) Children under age 5.
(2) Individuals in working age (15-64).
(3) Elderly citizens over the age of 70.
(4) Distant international migrants.

76. Which indicator is used to measure the number of maternal death per 1,00,000 live birth ?
(1) Crude death rate (2) Maternal mortality
(3) Case fertility rate
(4) Maternal mortality ratio

77. The tempo of urbanisation calculates which demographic trend :
(1) The absolute count of cities created in a decade.
(2) The density of standard city centers.
(3) The expansion rate of metropolitan boundaries.
(4) The change in degree of urbanisation.

78. The total dependency ratio is calculated by dividing the sum of child population (0-14) and elderly population (65+) by :
(1) Total mid-year population
(2) Working age population
(3) Total no. of married household
(4) Total female labour force

72. लॉरेन्ज वक्र में पूर्ण समानता किससे प्रदर्शित होती है ?
(1) क्षैतिज रेखा (2) ऊर्ध्वाधर रेखा
(3) 45° समानता रेखा (4) परवलयाकार वक्र

73. क्षेत्रों के मध्य जनसंख्या संकेन्द्रण के अध्ययन हेतु कौन सा माप सर्वाधिक उपयुक्त है ?
(1) अशोधित जन्म दर (2) बाल-महिला अनुपात
(3) गिनी का संकेन्द्रण अनुपात
(4) शिशु मृत्यु दर

74. निम्नलिखित में से क्या जनसंख्या गतिकी का घटक नहीं है ?
(1) प्रजननता (2) मृत्युक्रम
(3) प्रवासन (4) औद्योगीकरण

75. जनसांख्यिकीय लाभांश साकार करने के लिए जनसंख्या में एक संरचनात्मक परिवर्तन होता है, जिसके कारण जिस अस्थायी अनुपात में वृद्धि होती है, वह है
(1) 5 वर्ष की आयु तक के बच्चे
(2) कार्यशील आयु की जनसंख्या (15-64 वर्ष)
(3) 70 वर्षों व उससे अधिक उम्र के नागरिक
(4) दूरगामी अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी

76. 1,00,000 (एक लाख) जीवित जन्मों पर मातृत्व मृत्यु की संख्या को मापने के लिये किस संकेतक का उपयोग किया जाता है ?
(1) अशोधित मृत्यु दर (2) मातृत्व मृत्यु
(3) रोग घातकता (4) मातृत्व मृत्यु अनुपात

77. नगरीकरण की गति किस जनसांख्यिकीय प्रवृत्ति को दर्शाती है ?
(1) एक दशक में बने शहरों की कुल संख्या
(2) मानक शहरी केन्द्रों का घनत्व
(3) महानगरीय सीमाओं के विस्तार की दर
(4) शहरीकरण की मात्रा में बदलाव

78. कुल निर्भरता अनुपात की गणना करने के लिए बच्चों (0-14 वर्ष) की आबादी व बुज़ुर्गों (65+) की आबादी के योग को किससे विभाजित करेंगे ?
(1) मध्य-वर्ष की कुल जनसंख्या
(2) कामकाजी आयु की जनसंख्या
(3) वैवाहिक परिवारों की संख्या
(4) कुल महिला श्रमिक

**79.** The exact age point that splits the population distribution into two mathematically equal halves is defined as :

(1) Mean age (2) Modal age

(3) Median age

(4) Dependency Index

**80.** What is the characteristic shape of a population pyramid in most developing countries ?

(1) Rectangular shape with narrow base.

(2) Triangular shape with wide base.

(3) Bell shape with a tapered top.

(4) Inverted pyramid shape.

**81.** Which formula is used to calculate the Crude Birth Rate (CBR) ?

(1) B/P × 100 (2) B/P × 1000

(3) B + b/p × 1000 (4) P/B × 1000

**82.** What is the standard Total Fertility Rate (TFR) required for a population to replace itself without migration ?

(1) 1.5 birth per women

(2) 2.1 birth per women

(3) 2.5 birth per women

(4) 3.0 birth per women

**83.** Age Specific Marriage Rate (ASMR) measures

(1) Marriage among all adults

(2) Marriage in a particular age group relative to that age group of population

(3) Total marriage in a country

(4) Divorce in an age group

**84.** Which measure is more suitable for comparing nuptality across populations with different age structure ?

(1) Crude marriage rate

(2) General marriage rate

(3) Age specific marriage rate

(4) Crude birth rate

**85.** Children Ever Born (CEB) refer to :

(1) Living children only

(2) Total live birth ever experienced by a women

(3) Children under age five

(4) Surviving children only

**79.** वह सटीक उम्र जो आबादी के वितरण को गणितीय रूप से दो बराबर हिस्सों में बाँटती है, उसे कहते हैं :

(1) औसत उम्र (2) बहुलक उम्र

(3) मध्यांक उम्र (4) निर्भरता सूचकांक

**80.** अधिकांश विकासशील देशों में जनसंख्या पिरामिड का आकार कैसा होता है ?

(1) संकरे आधार वाला आयताकार आकार

(2) चौड़े आधार वाला त्रिभुजाकार आकार

(3) ऊपर की ओर संकरा होता हुआ घंटी जैसा आकार

(4) उलटे पिरामिड जैसा आकार

**81.** अशोधित जन्म दर (CBR) की गणना करने के लिये किस सूत्र का उपयोग किया जाता है ?

(1) B/P × 100 (2) B/P × 1000

(3) B + b/p × 1000 (4) P/B × 1000

**82.** बिना प्रवास के किसी जनसंख्या को खुद को बनाये रखने के लिये किस स्टैंडर्ड टोटल फर्टिलिटी रेट (TFR) की जरूरत होती है ?

(1) 1.5 जन्म प्रति महिला (2) 2.1 जन्म प्रति महिला

(3) 2.5 जन्म प्रति महिला (4) 3.0 जन्म प्रति महिला

**83.** आयु-विशिष्ट विवाह दर (ASMR) मापती है

(1) सभी वयस्कों के विवाह

(2) विशिष्ट आयु वर्ग में विवाहों का उस आयु वर्ग की जनसंख्या से अनुपात

(3) देश के कुल विवाह

(4) किसी आयु वर्ग में तलाक

**84.** भिन्न आयु संरचना वाली जनसंख्याओं की वैवाहिकता की तुलना हेतु कौन सा माप अधिक उपयुक्त है ?

(1) अशोधित विवाह दर (2) सामान्य विवाह दर

(3) आयु-विशिष्ट विवाह दर (4) अशोधित जन्म दर

**85.** “चिल्ड्रन एवर बॉर्न” का अर्थ है

(1) केवल जीवित बच्चे

(2) किसी महिला द्वारा कभी जन्में कुल जीवित बच्चे

(3) पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चे

(4) केवल जीवित बचे बच्चे

**86.** Coale - Trussell model is mainly used for analysing

(1) Mortality pattern (2) Migration pattern

(3) Age pattern of fertility

(4) Urban growth pattern

**87.** In Bongaart's proximate determinants of fertility model, which four operational indices exert the strongest biological and behavioural control over fertility levels ?

(1) Marriage, contraception, post-partam infecundability and induced abortion

(2) Sterlity, still births, wage differentials & family type

(3) Income, literacy, urbanization & age at marriage

(4) Unemployment, age of marriage and motherhood period

**88.** Which of the following terms refers to the capacity of a man, a woman or a couple to participate in reproduction ?

(1) Fertility (2) Fecundity

(3) Sterlity (4) Parity

**89.** The age specific marital fertility rate restricts its mathematical denominator exclusively to :

(1) All women in that age group

(2) Employed female cohort

(3) Married women within that specific age bracket

(4) Women using modern contraceptives

**90.** Order specific fertility measures are specially useful for studying

(1) Fertility control behaviour

(2) Mortality trends (3) Migration patterns

(4) Urban growth

**91.** In Cohort analysis, the probability of dying between age X and X + 1 is calculated as :

(1) Px / Dx (2) Dx / Px

(3) Px × Dx (4) Dx + Px

**92.** The hypothetical cohort used in a life table is known as :

(1) Cohort (2) Radix

(3) Population universe

(4) Life expectancy

**86.** कोएल-ट्रुस्सेल मॉडल मुख्यत: किसके विश्लेषण हेतु प्रयुक्त होता है ?

(1) मृत्यु प्रतिरूप (2) प्रवास प्रतिरूप

(3) प्रजनन का आयु प्रतिरूप

(4) नगरीय वृद्धि प्रतिरूप

**87.** बोन्गार्टस के फर्टिलिटी के प्रोक्सिमेट डिटरमिनेन्टस मॉडल में कौन से चार कारक प्रजनन क्षमता पर सबसे मजबूत जैविक और व्यावहारिक नियन्त्रण रखते हैं ?

(1) विवाह, गर्भ-निरोधक, प्रसवोत्तर बांझपन एवं प्रेरित गर्भपात ।

(2) बंध्यता, मृत जन्म, मज़दूरी में अन्तर एवं परिवार का प्रकार ।

(3) आय, साक्षरता, शहरीकरण एवं विवाह की आयु

(4) बेरोजगारी, विवाह की आयु एवं मातृत्त्व समय

**88.** इनमें से कौन सा शब्द किसी पुरुष महिला या जोड़े का प्रजनन में भाग लेने की क्षमता को दर्शाता है ?

(1) फर्टिलिटी (2) फिकन्डिटी

(3) स्टरलिटी (4) पेरिटी

**89.** आयु विशिष्ट वैवाहिक प्रजनन दर का मात्र गणितीय भाजक है

(1) उस आयु वर्ग की सभी महिलाएँ

(2) कामकाजी महिला सहसमूह

(3) उसी विशिष्ट आयु वर्ग की विवाहित महिलाएँ

(4) आधुनिक गर्भ-निरोधक इस्तेमाल करने वाली महिलाएँ

**90.** क्रम-विशिष्ट प्रजनन माप विशेष रूप से किसके अध्ययन में उपयोगी है ?

(1) प्रजनन नियंत्रण व्यवहार (2) मृत्यु प्रवृत्तियाँ

(3) प्रवास प्रतिरूप (4) शहरी वृद्धि

**91.** कोहॉर्ट विश्लेषण में आयु X से X + 1 के बीच मृत्यु की संभावना कैसे निकाली जाती है ?

(1) Px / Dx (2) Dx / Px

(3) Px × Dx (4) Dx + Px

**92.** जीवन सारणी में प्रयुक्त काल्पनिक समूह को क्या कहा जाता है ?

(1) सहसमूह (2) मूल संख्या

(3) जनसंख्या ब्रह्मांड (4) जीवन प्रत्याशा

**93.** The main drawback of crude death rate is :

(1) Excludes infant deaths
(2) Ignores age - sex composition
(3) Measures fertility
(4) Cannot be calculated annually

**94.** Prevelance rate measures

(1) New cases only
(2) Existing cases at a given time
(3) Death due to disease
(4) Birth defects only

**95.** According to Sample Registration System (SRS) report of 2022 the estimated death rate of India is :

(1) 19.1 (2) 9.1
(3) 6.8 (4) 2.6

**96.** Mortality is one of the three major components of population change. The other two are :

(1) Fertility and migration
(2) Literacy and employment
(3) Urbanization and industrialization
(4) Marriage and divorce

**97.** Which age group is used to calculate the Infant Mortality Rate (IMR) ?

(1) Below 1 year (2) Below 7 days
(3) Below 5 years (4) Below 21 days

**98.** If the total number of deaths in a city in a particular year is 1,000 and the population of the city at the mid-term ($1^{st}$ July) of the same year is 50,000, calculate the CDR of the city for the particular same year.

(1) CDR will be 20 per thousand.
(2) CDR will be 200 per thousand
(3) CDR will be 20 per lakh
(4) CDR will be 200 per lakh

**99.** As per the Sample Registration System (SRS) report 2021, the maternal mortality rate of the India is :

(1) 98 per lakh (2) 98 per thousand
(3) 93 per lakh (4) 93 per thousand

**93.** अशोधित मृत्यु दर की प्रमुख सीमा यह है कि यह

(1) शिशु मृत्यु को शामिल नहीं करती ।
(2) आयु-लिंग संरचना की उपेक्षा करती है ।
(3) प्रजननता मापती है ।
(4) वार्षिक रूप से गणना नहीं की जा सकती ।

**94.** प्रसार दर क्या मापती है ?

(1) केवल नये मामले
(2) किसी समय पर विद्यमान मामले
(3) रोग से मृत्यु (4) केवल जन्म दोष

**95.** नमूना पंजीकरण प्रणाली (SRS) की 2022 की रिपोर्टानुसार भारत की अनुमानित मृत्यु दर है

(1) 19.1 (2) 9.1
(3) 6.8 (4) 2.6

**96.** मृत्यु जनसंख्या परिवर्तन के तीन प्रमुख घटकों में से एक है । अन्य दो कौन से हैं ?

(1) प्रजननता और प्रवास (2) साक्षरता और रोज़गार
(3) शहरीकरण और औद्योगीकरण
(4) विवाह एवं तलाक

**97.** शिशु मृत्यु दर (IMR) की गणना के लिये किस आयु वर्ग का उपयोग किया जाता है ?

(1) 1 वर्ष से कम (2) 7 दिन से कम
(3) 5 साल से कम (4) 21 दिन से कम

**98.** यदि किसी नगर में किसी एक वर्ष में मृत व्यक्तियों की संख्या 1,000 है व इसी वर्ष मध्यावधि (01 जुलाई) पर नगर की सम्पूर्ण जनसंख्या 50,000 है तो उस नगर की उस वर्ष विशेष में अशोधित मृत्यु दर (CDR) की गणना कीजिए ।

(1) CDR, 20 प्रति हज़ार होगी ।
(2) CDR, 200 प्रति हज़ार होगी ।
(3) CDR, 20 प्रति लाख होगी ।
(4) CDR, 200 प्रति लाख होगी ।

**99.** नमूना पंजीकरण प्रणाली (SRS) की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की मातृ मृत्यु दर क्या है ?

(1) 98 प्रति लाख (2) 98 प्रति हज़ार
(3) 93 प्रति लाख (4) 93 प्रति हज़ार

**100.** What is the infant mortality, rate in India, according to 2011 census report ?

(1) 47
(2) 44
(3) 52
(4) 56

**101.** Which one of the following is NOT included in Boserup's typology of agricultural intensification ?

(1) Forest Fallow
(2) Bush Fallow
(3) Annual Cropping
(4) Terrace Farming

**102.** What is the main driver for internal male migration in India ?

(1) Education
(2) Marriage
(3) Work & Employment
(4) Political Instability

**103.** In Everett Lee's theory which element acts as a friction that may prevent migration ?

(1) Personal factors
(2) Push factors
(3) Intervening obstacles
(4) Pull factors

**104.** What is meaning of step migration in Revenstine laws of migration ?

(1) Migration done with Govt. assistance.
(2) Migration of large people at the same time.
(3) People gradually move from villages to large cities.
(4) Migrants reach their final destination at once.

**105.** Which of the following is not necessarily a consequence of urbanisation ?

(1) Industrial growth
(2) Occupational diversification
(3) Increase in urban population
(4) Decline in literacy

**100.** 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, भारत की शिशु-मृत्यु दर क्या है ?

(1) 47
(2) 44
(3) 52
(4) 56

**101.** निम्नलिखित में से कौन सा बोसेरुप की कृषि गहनता की श्रेणी में शामिल नहीं है ?

(1) वन परती
(2) झाड़ी परती
(3) वार्षिक खेती
(4) सीढ़ीदार खेती

**102.** भारत में पुरुषों के आंतरिक प्रवसन का मुख्य कारण है

(1) शिक्षा
(2) विवाह
(3) कार्य और रोज़गार
(4) राजनैतिक अस्थिरता

**103.** एवरेट ली के सिद्धांत में कौन सा तत्त्व घर्षण के रूप में कार्य करता है जो प्रवास को रोक सकता है ?

(1) व्यक्तिगत कारक
(2) दबाव कारक
(3) हस्तक्षेपकारी बाधा
(4) खिंचाव कारक

**104.** रेवन्सटीन के प्रवासन नियमों में चरणबद्ध प्रवासन का अर्थ है –

(1) केवल सरकारी सहायता से किया गया प्रवासन
(2) एक ही समय में बड़ी संख्या में लोगों का प्रवासन
(3) लोग धीरे-धीरे पास के गाँवों से बड़े शहरों की ओर जाते हैं ।
(4) प्रवासी एक ही बार में अपने अंतिम गंतव्य तक पहुँच जाते हैं

**105.** निम्नलिखित में से कौन सा नगरीकरण का आवश्यक रूप से परिणाम नहीं है ?

(1) औद्योगिक वृद्धि
(2) व्यावसायिक विविधिकरण
(3) शहरी जनसंख्या में वृद्धि
(4) साक्षरता में कमी

**106.** The structural concept describing a continuous urban corridor formed by the merging of several separate metropolitan areas and cities is :

(1) Primate city

(2) Conurbation / Megalopolis

(3) Statutory node

(4) Central place market

**107.** The mobility concept that defines short-distance, regular and repetitive spatial movements between an individual's place of residence and place of work without changing the permanent home base is termed :

(1) Circulation

(2) Commutation

(3) Life-time migration

(4) Step migration

**108.** The phenomena of decreasing volume of migration and interaction over a given distance with the increase in the distance, is known as

(1) Stepwise migration

(2) Counter-migration stream

(3) Intervening opportunities

(4) Distance decay

**109.** Which theory states that societies undergo predictable shifts in migration patterns as they experience broader economic and demographic transitions ?

(1) Stouffer's theory of intervening opportunities

(2) Zelinsky's mobility transition hypothesis

(3) World system theory

(4) New economics of labour migration

**110.** Who gave the concept of "Primate City" in the year 1939 ?

(1) Mark Jefferson

(2) David Harvey

(3) Brian Berry

(4) Halford Mackinder

**106.** कई अलग-अलग महानगरीय क्षेत्रों और शहरों के आपस में मिलने से बनने वाले एक निरन्तर शहरी गलियारे का वर्णन करने वाली संरचना की अवधारणा है

(1) प्राइमेट सिटी

(2) मेगालोपोलिस/कॉनरबेशन

(3) वैधानिक नोड

(4) केन्द्रीय स्थान बाज़ार

**107.** किसी व्यक्ति के स्थाई निवास स्थान और कार्यस्थल के बीच स्थाई घर को बदले बिना कम दूरी के, नियमित और बार-बार होने वाले स्थानिक गतिशीलता की अवधारणा कहलाती है

(1) परिसंचलन

(2) आवागमन

(3) जीवनकाल प्रवसन

(4) चरणबद्ध प्रवसन

**108.** दूरी बढ़ने के साथ एक निश्चित दूरी पर प्रवसन की मात्रा और परस्पर क्रिया में कमी आने की घटना को किस रूप में जाना जाता है ?

(1) चरणबद्ध प्रवसन

(2) प्रतिप्रवसन धारा

(3) अंतरायिक अवसर

(4) दूरी क्षय

**109.** कौन सा सिद्धान्त यह बताता है कि व्यापक आर्थिक और जनसांख्यिकीय संक्रमणों का अनुभव होने पर समाज के प्रवसन के तरीकों में पूर्वानुमानित बदलाव होते हैं ?

(1) स्टाफ़र का अंतरायिक अवसर का सिद्धान्त

(2) जेलिंस्की का गतिशीलता संक्रमण परिकल्पना

(3) विश्व व्यवस्था सिद्धान्त

(4) श्रम प्रवसन का नया अर्थशास्त्र

**110.** वर्ष 1939 में “प्राइमेट सिटी” की अवधारणा किसने दी थी ?

(1) मार्क जेफरसन

(2) डेविड हार्वे

(3) ब्रायन बेरी

(4) हाल्फोर्ड मैकिन्डर

**111.** Which of the following best defines Nuptiality ?

(1) Study of birth in a population
(2) Study of death in a population
(3) Study of marriage formation, dissolution and remarriage patterns
(4) Study of migration streams

**112.** Match List-I (Tribes) with List-II (Cultural Traits).

| List-I (Tribes) | List-II (Cultural Traits) |
|---|---|
| A. Toda | i. Matrilineal Inheritance |
| B. Khasi | ii. Pastoral buffalo culture |
| C. Gond | iii. Shifting cultivation |
| D. Jarwa | iv. Isolated hunter-gatherer |

**Code :**

(1) A-ii, B-i, C-iii, D-iv
(2) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(3) A-ii, B-iii, C-i, D-iv
(4) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

**113.** If a country's Gender Development Index (GDI) value is close to one (1), what does it mean ?

(1) There is very low population.
(2) HDI value is zero.
(3) There is minimal difference in human development level between men and women
(4) These is very high gender inequality

**114.** According to the UNDP report 2025, in which human development category does India fall ?

(1) Very high human development
(2) High human development
(3) Medium human development
(4) Low human development

**111.** निम्नलिखित में कौन वैवाहिकता को सर्वोत्तम रूप से परिभाषित करता है ?

(1) जनसंख्या में जन्मों का अध्ययन
(2) जनसंख्या में मृत्यु का अध्ययन
(3) विवाह, विवाह-विच्छेद और पुनर्विवाह के प्रतिरूपों का अध्ययन
(4) प्रवास प्रवाह का अध्ययन

**112.** सूची-I (जनजाति) का सूची-II (सांस्कृतिक विशेषताएँ) से मिलान करें ।

| सूची-I (जनजाति) | सूची-II (सांस्कृतिक विशेषताएँ) |
|---|---|
| A. टोडा | i. मातृवंशी |
| B. खासी | ii. भैसों का पालन-पोषण |
| C. गोंड | iii. स्थानांतरित कृषि |
| D. जारवा | iv. एकाकी शिकारी – संग्रहकर्ता |

**कोड :**

(1) A-ii, B-i, C-iii, D-iv
(2) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(3) A-ii, B-iii, C-i, D-iv
(4) A-iii, B-i, C-ii, D-iv

**113.** किसी देश का लैंगिक विकास निर्देशांक (GDI) का मान एक (1) के करीब है, तो उसका तात्पर्य है

(1) वहाँ जनसंख्या कम है ।
(2) वहाँ का एचडीआई शून्य है ।
(3) वहाँ पुरुषों और महिलाओं के मानव विकास में न्यूनतम अंतर है ।
(4) वहाँ बहुत अधिक लैंगिक असमानता है ।

**114.** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा जारी रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत किस मानव विकास श्रेणी में आता है ?

(1) बहुत उच्च मानव विकास
(2) उच्च मानव विकास
(3) मध्यम मानव विकास
(4) निम्न मानव विकास

**115.** Which amongst the following is not included in the Millennium Development Goals (MDGs) ?

(1) Achieve Universal Primary Education
(2) Promote Gender Equality and Empower Women
(3) Combat HIV/AIDS, Malaria and other diseases
(4) Maintaining Peace and Justice

**116.** What type of unemployment occurs when workers are temporarily between jobs or searching for a new position matching their skill set ?

(1) Disguised unemployment
(2) Frictional unemployment
(3) Structural unemployment
(4) Chronic unemployment

**117.** Resources that can replenish themselves naturally over time through biological or ecological processes are classified as :

(1) Finite assets
(2) Renewable resources
(3) Non-renewable resources
(4) Stratified minerals

**118.** According to Malthusian theory, population increases in a geometric progression, whereas the type of increase in the means of subsistence is -

(1) Exponential Progression
(2) Arithmetic Progression
(3) Logarithmic Progression
(4) Asymptomatic Progression

**119.** Which of the following Chinese philosopher proposes the concept of an optimal population balance to prevent structural poverty ?

(1) Mencius
(2) Confucius
(3) Zhang Heng
(4) Xu Xiake

**115.** निम्नलिखित में से किसे सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्यों (MDGs) में शामिल नहीं किया गया है ?

(1) सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करना ।
(2) लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिलाओं को सशक्त बनाना ।
(3) एच.आई.वी./एड्स, मलेरिया और अन्य बीमारियों से लड़ना ।
(4) शान्ति और न्याय बनाए रखना ।

**116.** जब श्रमिक अस्थाई रूप से नौकरी कर रहे होते हैं या अपने कौशल के अनुरूप एक नए पद की तलाश कर रहे होते हैं, ऐसी बेरोज़गारी को कहते हैं

(1) प्रच्छन्न बेरोज़गारी
(2) घर्षणजन्य बेरोज़गारी
(3) संरचनात्मक बेरोज़गारी
(4) दीर्घकालिक बेरोज़गारी

**117.** वे संसाधन जो जैविक या पारिस्थितिक प्रक्रियाओं के माध्यम से समय के साथ स्वाभाविक रूप से स्वयं को पुनर्जीवित कर सकते हैं, वे हैं :

(1) परिमित परिसम्पत्ति
(2) नवीकरणीय संसाधन
(3) गैर-नवीकरणीय संसाधन
(4) स्तरीकृत खनिज

**118.** माल्थस सिद्धान्त के अनुसार, जनसंख्या में ज्यामितीय प्रगमन से वृद्धि होती है जबकि जीवन निर्वाह के साधन में वृद्धि का प्रकार है

(1) घातीय प्रगमन
(2) अंकगणितीय प्रगमन
(3) लघुगणकीय प्रगमन
(4) अनन्तस्पर्शी प्रगमन

**119.** निम्नलिखित में से कौन सा चीनी दार्शनिक संरचनात्मक गरीबी को रोकने के लिए एक अधिकतम जनसंख्या संतुलन की अवधारणा प्रस्तुत करता है ?

(1) मेन्सियस
(2) कन्फ्यूशियस
(3) झांग हेंग
(4) जू शियाके

**120.** The Physical Quality of Life Index (PQLI) combines which three operational indicators ?

(1) Per capita income, urbanization index and sex-ratio

(2) Access to clean water, housing density and unemployment ratio

(3) Maternal mortality, nutrition intake and primary enrolment

(4) Infant mortality, life expectancy at age of one year and basic literacy

**120.** भौतिक जीवन गुणवत्ता सूचकांक (PQLI) किन तीन परिचालन संकेतकों को जोड़ता है ?

(1) प्रति व्यक्ति आय, शहरीकरण सूचकांक और लिंगानुपात

(2) स्वच्छ जल तक पहुँच, आवास का घनत्व और बेरोज़गारी का अनुपात

(3) मातृ-मृत्यु दर, पोषण-ग्रहण तथा प्राथमिक नामांकन

(4) शिशु मृत्यु दर, जीवन प्रत्याशा एक वर्ष की आयु पर और बुनियादी साक्षरता ।

**121.** Which of the following best explain the relationship between demographic dividend and dependency ratio ?

(1) Higher dependency ratio strengthens demographic dividend

(2) Lower dependency ratio creates favourable condition for demographic dividend

(3) Both are unrelated.

(4) Dependency ratio only affects migration.

**121.** जनांकिकीय लाभांश और आश्रितता अनुपात के संबंध को कौन सबसे बेहतर स्पष्ट करता है ?

(1) उच्च निर्भरता अनुपात, जनांकिकीय लाभांश को मजबूत करता है ।

(2) कम निर्भरता अनुपात, जनांकिकीय लाभांश के लिये अनुकूल परिस्थितियाँ बनाता है ।

(3) दोनों असंबंधित हैं ।

(4) निर्भरता अनुपात केवल प्रवासन को प्रभावित करता है ।

**122.** A country with constrictive population pyramid is likely to face

(1) Excess child population

(2) Labour shortage and ageing population

(3) High fertility pressure

(4) Rapid population growth

**122.** संकुचित जनसंख्या पिरामिड वाले देश को किस समस्या का सामना करना पड़ सकता है ?

(1) बच्चों की अत्यधिक आबादी

(2) श्रम की कमी और बढ़ती उम्र की आबादी

(3) उच्च प्रजनन दबाव

(4) तीव्र जनसंख्या वृद्धि

**123.** Which concept is emphasized in NITI Aayog's health related strategies ?

(1) Universal Health Coverage

(2) Promoting only private health services

(3) Importing foreign medicine

(4) Prohibition of traditional medicine

**123.** नीति आयोग की स्वास्थ्य संबंधी रणनीतियों में किस अवधारणा पर विशेष जोर दिया गया है ?

(1) यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज

(2) केवल निजी स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाना

(3) विदेशी चिकित्सा आयात

(4) पारम्परिक चिकित्सा का निषेध

**124.** Which statement/s is/are not correct regarding the supplementation dose given to girls aged 10 - 19 under the Anaemia Mukt Bharat Abhiyan ? Select the correct answer using code given below :

A. Iron tablet - 60 mg daily.

B. Folic Acid tablet - 500 mcg weekly

C. The colour of tablet is pink.

**Code :**

(1) Only B

(2) Only A

(3) A and C

(4) B and C

**124.** एनीमिया मुक्त भारत अभियान में 10-19 वर्ष की बालिकाओं को दी जाने वाली 'पोषण डोज़' के संदर्भ में कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ? नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

A. आयरन की टैबलेट – 60 मिग्रा प्रतिदिन

B. फोलिक एसिड की टैबलेट – 500 माइक्रोग्राम साप्ताहिक ।

C. टैबलेट का रंग पिंक होता है ।

**कूट :**

(1) केवल B

(2) केवल A

(3) A तथा C

(4) B तथा C

**125.** In which year was the Pre-Conception and Pre-Natal Diagnostic Techniques (PCPNDT) Act enacted by the Indian Parliament ?

(1) 1997
(2) 1998
(3) 1994
(4) 1996

**126.** In which area does the gender empowerment (GEM) measures primarily assess the participation of women ?

(1) Only literacy rate
(2) Total fertility rate
(3) Average age of Marriage
(4) Political & Economic decision

**127.** Which nutritional condition characterized by severe hemoglobin deficiency affects more than half of child bearing age women in India ?

(1) Type - 2 Diabetes
(2) Anemia
(3) Hypertension
(4) Sepsis

**128.** Which schedule of the constitution of India deals with the provisions as to the administration and control of scheduled areas and scheduled tribes ?

(1) Fifth
(2) Ninth
(3) Eleventh
(4) Sixth

**129.** Which of the following was not one of the eight categories used to classify - disabled population in the 2011 census ?

(1) Movement related
(2) Mental illness
(3) Learning disabilities
(4) Multiple disability

**125.** गर्भाधान-पूर्व और प्रसव-पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (PCPNDT) भारतीय संसद द्वारा किस वर्ष बनाया गया ?

(1) 1997
(2) 1998
(3) 1994
(4) 1996

**126.** लिंग सशक्तिकरण माप (GEM) मुख्य रूप से किस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी का आकलन करता है ?

(1) केवल साक्षरता दर
(2) कुल प्रजनन दर
(3) विवाह की औसत आयु
(4) राजनैतिक और आर्थिक निर्णय

**127.** गंभीर हीमोग्लोबिन की कमी वाली कौन सी पोषण सम्बन्धी स्थिति भारत में प्रसव उम्र की आधी से अधिक महिलाओं को प्रभावित करती है ?

(1) टाइप-2 मधुमेह
(2) रक्त-अल्पता
(3) उच्च रक्तचाप
(4) सेप्सिस

**128.** भारत के संविधान की कौन सी अनुसूची में अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियन्त्रण सम्बन्धी प्रावधानों का उल्लेख है ?

(1) पाँचवीं
(2) नौवीं
(3) ग्यारहवीं
(4) छठीं

**129.** 2011 की जनगणना में विकलांगता को वर्गीकृत करने के लिये निम्नलिखित में से किस श्रेणी का उपयोग नहीं किया गया था ?

(1) गति संबंधी
(2) मानसिक बीमारी
(3) अधिगम अक्षमता
(4) बहुविकलांगता

**130.** The analytical concept that calls for integrating a gender perspective into the preparation, design, implementation, and evaluation of all development policies and programs is defined as :

(1) Gender mainstreaming
(2) Gender stratification
(3) Female autonomy Index
(4) Matrilineal structure

**131.** The scheme under the National Health Mission that provides cash assistance to poor pregnant women to encourage institutional delivery is :

(1) Janani Suraksha Yojana
(2) Ayushman Bharat
(3) Rajlakshmi Scheme
(4) Pradhan Mantri Matru Vandana Yojana

**132.** The "COTPA Act" passed by the Government of India in 2003 deals explicity with :

(1) Control of organ transplantation violations
(2) Prohibition of advertising of tobacco products
(3) Comprehensive child nutrition and protection
(4) Compulsory registration of marriages & nuptiality

**133.** Which expert committee in India introduced the concept of "Multipurpose Health Workers" to deliver integrated family planning and health care at the grassroots level ?

(1) Bhore Committee
(2) Chadha Committee
(3) Kartar Singh Committee
(4) Bajaj Committee

**134.** Under the standard rural health infrastructure model in India, in plain area a Community Health Centre (CHC) established on a minimum population of -

(1) 3000
(2) 20000
(3) 120000
(4) 500000

**130.** वह विश्लेषणात्मक अवधारणा जो सभी विकास नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने, डिज़ाइन करने, लागू करने और मूल्यांकन करने में लैंगिक परिप्रेक्ष्य को शामिल करने की माँग करती है, उस अवधारणा को कहते हैं

(1) लैंगिक मुख्यधाराकरण
(2) लैंगिक स्तरीकरण
(3) महिला स्वायत्तता अनुक्रमण
(4) मातृसत्तात्मक संरचना

**131.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित योजना जो कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए गरीब गर्भवती महिलाओं को नकद सहायता प्रदान करती है

(1) जननी सुरक्षा योजना
(2) आयुष्मान भारत
(3) राजलक्ष्मी योजना
(4) प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना

**132.** वर्ष 2003 में भारत सरकार द्वारा पारित कोटपा (COTPA) अधिनियम स्पष्ट रूप से किससे सम्बन्धित है ?

(1) अंग प्रत्यारोपण के उल्लंघनों का नियंत्रण
(2) तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबंध
(3) व्यापक बाल पोषण और संरक्षण
(4) विवाह और विवाह-दर का अनिवार्य पंजीकरण

**133.** भारत में किस विशेषज्ञ समिति ने जमीनी स्तर पर एकीकृत परिवार नियोजन और स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए “बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं” की अवधारणा पेश की थी ?

(1) भोर समिति
(2) चड्ढा समिति
(3) करतार सिंह समिति
(4) बजाज समिति

**134.** भारत में मानक ग्रामीण स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचा मॉडल के तहत मैंदानी क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (CHC) स्थापना के लिए न्यूनतम जनसंख्या होनी चाहिए

(1) 3000
(2) 20000
(3) 120000
(4) 500000

**135.** Which landmark expert health committee in India laid the foundation for integrated public health planning by recommending a three-tier rural health network with Primary Health Ccentres (PHCs) ?

(1) Mudaliar Committee
(2) Bhore Committee
(3) Kartar Singh Committee
(4) Shrivastav Committee

**136.** Which country was the first to launch a National Family Planning programme in 1952 ?

(1) India
(2) Pakistan
(3) Brazil
(4) China

**137.** Which one of the following is not included in the areas under the National Health Policy 2017 ?

(1) Swaccha Bharat Abhiyan
(2) Balanced diets & regular exercise
(3) Reducing sound polution
(4) Reducing air polution

**138.** What is the primary long objective of National Population Policy 2000 ?

(1) Achieve a stable population by 2030
(2) Achieve a stable population by 2035
(3) Achieve a stable population by 2045
(4) Increase the birth rate to 30 per 1000

**139.** When was the National Nutrition Policy adopted by the Government of India ?

(1) 1991
(2) 1992
(3) 1993
(4) 1994

**140.** Which was not correctly matched ?

(1) Bhore Committee (1946) - Health Survey & Development Committee
(2) Mudaliar Committee (1959) - Health Survey & Planning Committee
(3) Chaddha Committee (1963) - National Malaria Eradication Programme
(4) Mukherjee Committee (1966) - Proposal for All India Health Service

**135.** भारत में किस ऐतिहासिक विशेषज्ञ स्वास्थ्य समिति ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (PHCs) के साथ तीन-स्तरीय ग्रामीण स्वास्थ्य नेटवर्क की सिफारिश करके एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना की नींव रखी थी ?

(1) मुदलियार समिति
(2) भोर समिति
(3) करतार सिंह समिति
(4) श्रीवास्तव समिति

**136.** 1952 में दुनिया में सबसे पहले राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रारम्भ करने वाला देश कौन सा है ?

(1) भारत
(2) पाकिस्तान
(3) ब्राज़ील
(4) चीन

**137.** राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अन्तर्गत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में शामिल नहीं है

(1) स्वच्छ भारत अभियान
(2) संतुलित आहार एवं नियमित व्यायाम
(3) ध्वनि प्रदूषण को कम करना
(4) वायु प्रदूषण को कम करना

**138.** राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 का प्राथमिक दीर्घकालिक उद्देश्य क्या है ?

(1) 2030 तक स्थिर जनसंख्या प्राप्त करना
(2) 2035 तक स्थिर जनसंख्या प्राप्त करना
(3) 2045 तक स्थिर जनसंख्या प्राप्त करना
(4) जन्म दर को 1000 पर 30 तक बढ़ाना

**139.** राष्ट्रीय पोषण नीति भारत सरकार द्वारा कब अपनाई गई थी ?

(1) 1991
(2) 1992
(3) 1993
(4) 1994

**140.** कौन सा सुमेलित नहीं है ?

(1) भोर समिति (1946) – स्वास्थ्य सर्वेक्षण एवं विकास समिति
(2) मुदलियार समिति (1959) – स्वास्थ्य सर्वेक्षण एवं योजना समिति
(3) चड्ढ़ा समिति (1963) – राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम
(4) मुखर्जी समिति (1966) – अखिल भारतीय स्वास्थ्य सेवा सुझाव

**141.** The research study that is highly objective and projectable, done using close ended, forced choice questionnaires ; that relies heavily on statistics and numerical measures, is called :

(1) Q - Methodology
(2) Quartile Method
(3) Qualitative Research
(4) Quantitative Research

**142.** The research aimed at determining the frequency of happening of an event, is called :

(1) Exploratory research
(2) Descriptive research
(3) Diagnostic research
(4) Experimental research

**143.** Type-II error means :

(1) Rejecting true $H_0$
(2) Accepting false $H_0$
(3) Calculation error
(4) Coding error

**144.** How does increasing the confidence level affect the required sample size ?

(1) The sample size decreases
(2) The sample size increases
(3) The sample size remains the same
(4) It only affects the sampling error, not the sample size

**145.** In a large population with heterogeneous characteristics the most appropriate method of sampling to be used is :

(1) Random Sampling
(2) Deliberate Sampling
(3) Stratified Sampling
(4) None of these

**146.** The credit for the creation of the binominal distribution goes to

(1) R.A. Fisher
(2) C.F. Gauss
(3) J. Bernoulli
(4) I. Newton

**141.** वह शोध अध्ययन जो अत्यधिक वस्तुनिष्ठ और प्रक्षेप्य होता है, जिसे बन्द प्रश्नों और जबरन विकल्प वाली प्रश्नावली का उपयोग करके किया जाता है तथा जो पूरी तरह से सांख्यिकी और संख्यात्मक मापों पर निर्भर होता है, उसे कहा जाता है

(1) Q-पद्धति
(2) चतुर्थक विधि
(3) गुणात्मक शोध
(4) मात्रात्मक शोध

**142.** किसी घटना के घटित होने की आवृत्ति को निर्धारित करने सम्बन्धी शोध को कहा जाता है

(1) अन्वेषणात्मक शोध
(2) वर्णनात्मक शोध
(3) निदानात्मक शोध
(4) प्रयोगात्मक शोध

**143.** प्रकार-II त्रुटि का अर्थ है

(1) सत्य शून्य परिकल्पना ($H_0$) को अस्वीकार करना
(2) असत्य शून्य परिकल्पना ($H_0$) को स्वीकार करना
(3) गणना त्रुटि
(4) कोडिंग त्रुटि

**144.** कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ाने से जरूरी सैम्पल साइज पर क्या असर पड़ता है ?

(1) सैम्पल का आकार कम हो जाता है ।
(2) सैम्पल का आकार बढ़ जाता है ।
(3) सैम्पल का आकार वही रहता है ।
(4) यह सिर्फ सैम्पलिंग त्रुटि पर असर डालता है, सैम्पल के आकार पर नहीं ।

**145.** एक बड़े विजातीय अभिलेखों वाले समिष्ट के अध्ययन के लिये उपयुक्त प्रतिचयन विधि है

(1) यादृच्छिक प्रतिचयन
(2) सविचार प्रतिचयन
(3) स्तरित प्रतिचयन
(4) इनमें से कोई नहीं

**146.** द्विपद वितरण की रचना का श्रेय जाता है

(1) आर.ए. फिशर
(2) सी.एफ. गॉस
(3) जे. बरनौली
(4) आई. न्यूटन

**147.** Logistic regression is used to analyse -

(1) Migration studies
(2) Fertility analysis
(3) Health and mortality
(4) All of these

**148.** Determining how much the Janani Suraksha Yojana has increased the number of institutional deliveries in last four years is an example of which type of research ?

(1) Action Research
(2) Formative Research
(3) Operational Research
(4) Program Evaluation research

**149.** If the level of significance is 5% then it means that error -

(1) Probability of type I error is 95%.
(2) Probability of type I error is 5%.
(3) Probability of type II error is 95%.
(4) Probability of type II error is 5%.

**150.** In simple linear regression, Y = a + bX, a is ?

(1) Slope
(2) Correlation
(3) Intercept
(4) Variance

**147.** लॉजिस्टिक प्रतीपगमन का उपयोग किसके विश्लेषण के लिए किया जाता है ?

(1) प्रवासन अध्ययन
(2) प्रजनन क्षमता विश्लेषण
(3) स्वास्थ्य और मृत्यु दर
(4) ये सभी

**148.** जननी सुरक्षा योजना ने पिछले चार वर्षों में संस्थागत प्रसव की संख्या में कितनी वृद्धि की यह निर्धारित करना किस शोध का उदाहरण है ?

(1) क्रियात्मक शोध
(2) निर्माणात्मक शोध
(3) संक्रियात्मक शोध
(4) कार्यात्मक शोध

**149.** सार्थकता स्तर यदि 5% है, तो उसका अर्थ है कि

(1) टाइप वन (I) त्रुटि की सम्भावना 95% है ।
(2) टाइप वन (I) त्रुटि की सम्भावना 5% है ।
(3) टाइप टू (II) त्रुटि की सम्भावना 95% है ।
(4) टाइप टू (II) त्रुटि की सम्भावना 5% है ।

**150.** सरल रैखिक प्रतीपगमन में Y = a + bX में a दर्शाता है

(1) ढाल
(2) सहसम्बन्ध
(3) अवरोधक
(4) प्रसरण

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह